# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
An ISO 9001:2008 Certified Agency



जितेन्द्र श्रीवास्तव, भा०प्र०से०
कार्यपालक निदेशक–सह–
सचिव, स्वास्थ्य विभाग


संचिका सं0: SHSB /G.A/371/2011
पत्रांक सं0:................दि0:....... / 0 4 / 2016

सेवा में,
जिला पदाधिकारी–सह–
सदस्य सचिव, बेगूसराय,
जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति।

विषयः District Level Vigilance and Monitoring Committee (D/C LVMC) का District/City Level Vigilance and Monitoring Committee (D/C LVMC) की त्रैमासिक बैठक नियमित रूप से नहीं होने के संबंध में।

प्रसंगः भारत सरकार का पत्रांक 18015 / 3 / 2014–एन.आर.एच.एम.–II (भाग–III) दिनांक 15.03.2016, डॉ0 भोला सिंह, सांसद सदस्य (लोक सभा), बेगूसराय का प्रत्रांक MPIBEGI 56 दिनांक 21.03.2016।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि जिलों द्वारा भारत सरकार से प्राप्त District/City Level Vigilance and Monitoring Committee (D/C LVMC) का पुर्नगठन संशोधित दिशानिर्देश के अनुरूप त्रैमासिक बैठक किया जाना है।

2) विदित हो कि आपके जिले बेगूसराय के माननीय सांसद डॉ0 भोला सिंह सांसद, (लोक सभा) District/City Level Vigilance and Monitoring Committee (D/C LVMC) के अध्यक्ष हैं। डॉ0 भोला सिंह के द्वारा भारत सरकार को यह पत्र प्राप्त हुआ है कि District/City Level Vigilance and Monitoring Committee (D/C LVMC) की बैठक जिला पदाधिकारी के द्वारा नहीं बुलाई जाती है।

3) अतः इस संदर्भ में अद्योहस्ताक्षरी को वस्तुस्थिति से अवगत कराने की कृपा की जाय तथा District/City Level Vigilance and Monitoring Committee (D/C LVMC) की बैठक को नियमित रूप से कराया जाय ताकि राष्ट्रीय मिशन को गति मिल सके।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
ह0 / –
(जितेन्द्र श्रीवास्तव)

ज्ञापांक–.....618.....                                        पटना, दिनांक....27/4/16....

प्रतिलिपिः–

- श्री भानु प्रताप शर्मा, सचिव NHM, भारत सरकार को सादर सूचनार्थ।
- श्री मनोज झलानी, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को सादर सूचनार्थ।
- प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार को सादर सूचनार्थ।
- सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, बेगूसराय बिहार को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

27/4

कार्यपालक निदेशक–सह–
सचिव, स्वास्थ्य

425

मिसिल सं. जेड - 18015/3/2014 - एन.आर.एच.एम.-II (भाग-III)

भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

निर्माण भवन, नई दिल्ली

दिनांक 15 मार्च, 2016

STATE HEALTH SOCIETY BIHAR SHEKHPURA, PATNA-14
3331
05 APR 2016

SPO (Emg)

E.D.(S.H.S.)

403 (HS)
4/4/2016

सेवा में,

श्री आर. के. महाजन
मुख्य सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण),
स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार,
विकास भवन, नया सचिवालय,
पटना – 800015, बिहार

विषय : जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं निगरानी स्वास्थ्य समिति बेगूसराय की बैठक में लिए गए फैसले के संबंध में अभ्यावेदन ।

महोदय,

कृपया डॉ. भोला सिंह, संसद सदस्य (लोक सभा), बिहार से ऊपर उद्धत विषय पर प्राप्त पत्रांक संख्या एम.पी./बी.ई.जी./156 दिनांक 02.03.2016 की प्रति संलग्न पाएं जिसमे उन्होंने बेगूसराय जिले में डी.एल.वी.एम.सी. बैठक के नियमित रूप से न होने व जिले में सदर अस्पताल और सामान्य स्वास्थ्य व्यवस्था के बारे में अवगत कराया है ।

चूँकि जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, अतः आपसे अनुरोध है कि माननीय सांसद द्वारा उठाये गए मुद्दे का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही कर, इस मंत्रालय को अवगत करने का कष्ट करें ।

संलग्न: उपरोक्त वर्णित ।

भवदीय,

(मनोज झालानी)
संयुक्त सचिव(नीति)
टेली/फैक्स : 011-23063687
E-mail : manoj.jhalani@nic.in

प्रति :

मिशन संचालक (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), बिहार सरकार

डॉ. भोला सिंह
संसद सदस्य (लोक सभा)
( बेगूसराय )
सदस्य :
• स्थायी समिति - पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस
• संसदीय परामर्शदात्री समिति - खान एवं इस्पात मंत्रालय
• आचार समिति, लोक सभा
• गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयक तथा संकल्प संबंधी समिति, लोक सभा
अध्यक्ष :
• सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति, ग्रामीण विकास कार्यक्रम, भारत सरकार, बेगूसराय

सत्यमेव जयते

सी 1/12ए, लोधी गार्डन
नई दिल्ली-110 003
दूरभाष : 011-24602628

रोड नं. 21-डी, राजीव नगर,
पटना-24
दूरभाष : 0612-2550505

No. 219632/2016/Desp/HFW

दिनांक: 21/03/2016
पत्रांक – MP/BG/456

श्री जे.पी. नड्डा जी,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री,
भारत सरकार, नई दिल्ली।

प्रसंग : जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं निगरानी स्वास्थ्य समिति बेगूसराय की बैठक में लिए गए फैसले के संबंध में अभ्यावेदन।

महोदय,

आपके बार–बार निर्देश के बावजूद एक वर्ष तक बेगूसराय जिला स्तरीय अनुश्रवण निगरानी स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला पदाधिकारी ने नहीं बुलाई। इतना ही नहीं आहुत बैठक में वह अपने कार्यालय में उपस्थित रहने के बावजूद बैठक में शामिल नहीं हुईं, और सचिव के उत्तरदायित्व का पालन नहीं किया। यह घोर अनुशासनहीनता एवं केंद्रीय सरकार के निर्देश एवं प्रक्रिया का घोर उल्लंघन था।

यह बैठक 20 जनवरी, 2016 को आहुत की गई। इस बैठक में सिविल सर्जन बेगूसराय ने अपने उत्तरदायित्व का पालन किया। बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए।

पदेन अध्यक्ष होने के नाते मैंने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और समिति के गठन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

बेगूसराय जिला में दो तिहाई चिकित्सकों के पद रिक्त हैं और अधिकांश प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक विहीन हैं। लगभग दर्जनों उपस्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपस्थिति, निरीक्षण नहीं हो रहा है। "ए" एवं "बी" श्रेणी के नर्सों की रिक्तियां आधे से अधिक हैं।

बेगूसराय सदर अस्पताल में परिसर छोटा रहने के कारण अस्पताल के विकास कार्यों में कठिनाईयां उत्पन्न हो रही हैं, अभी तक जिला स्तरीय अस्पताल के रूप में इसका उन्नयन नहीं हुआ है। राज्य के दूसरे जिले में सदर अस्पतालों में 300 से अधिक रोगियों के लिए सीट हैं, पर बेगूसराय में इसका घोर अभाव है। बेगूसराय जिला सात विधानसभा क्षेत्रों का है। यहां तेलशोधक कारखाना, बरौनी खाद कारखाना और 1000 मेगावाट विद्युत उत्पादन की इकाईयां हैं। बरौनी जैसा बहुत बड़ा रेलवे जंक्शन है। गंगा नदी में प्रथम राष्ट्रपति के नाम से, राजेन्द्र पुल है, तीन–तीन राष्ट्रीय उच्चपथ 28, 30 एवं 31 हैं। बरौनी डेयरी दुग्ध उत्पादन केंद्र है जहां प्रतिदिन 6 लाख मैट्रिक टन दूध का शोधन होता है।

पर, यह अस्पताल अभी भी पुराने बेगूसराय की आकृति लिए उपस्थित है। इस अस्पताल में आधुनिक ओ.टी. नहीं है। जिला में अधिकांश अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्रों के भवन नहीं हैं। उप–स्वास्थ्य केंद्रों के भवन प्रायः नहीं हैं। चिकित्सा व्यवस्था बेगूसराय में अस्त–व्यस्त है। मुफ्त दवाईयां प्रायः नहीं के बराबर मिलती हैं। सदर अस्पताल और बेगूसराय जिला में स्वास्थ्य व्यवस्था बिलकुल चरमराई हुई है।

यहां 300 से अधिक चिकित्सकों के नर्सिंग होम हैं। दूर–दराज के किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, समस्तीपुर कटिहार, खगड़िया, नौगछिया जिलों से 5000 रोगियों को इलाज के लिए प्रतिदिन आना पड़ता है।

अतः मैं मांग करता हूं, कि बेगूसराय जिला के स्वास्थ्य व्यवस्था पर अपने स्तर से विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, और आपने स्वयं बेगूसराय को देखा भी है। मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं।

भवदीय,

डा. भोला सिंह

Ack
Forward to JS, NHM

for MS for priority